भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

17.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3940 का उत्तर

गुणुपुर से तेरुबली तक नई रेल लाइन

3940. श्री सप्तगिरी उलाकाः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ओडिशा के बिस्सम-कटक होते हुए गुणुपुर से तेरुबली तक नई रेल-लाइन बनाने हेतु बजट में कोई प्रावधान और सर्वेक्षण किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यह कार्य कब तक शुरू होने की संभावना है;

(ग) क्या रेलवे का कोरापुट जिले से भुवनेश्वर और कोरापुट से रकपुट जंक्शन हेतु नई इंटरसिटी ट्रेन शुरू करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): नौपाड़ा-गुनुपुर बड़ी लाइन का तेरुबली तक विस्तार (79.15 कि.मी.) को सरकार (अर्थात नीति आयोग और आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति) से स्वीकृति प्राप्त होने के अध्यधीन 2017-18 के बजट में शामिल किया गया था। इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है। डीपाआर के अनुसार इस परियोजना की अनुमानित लागत 1273.74 करोड़ रुपए और प्रतिफल की दर (-) 3.19% है। यह परियोजना वित्तीय दृष्टि से अलाभप्रद होने के कारण ओडिशा राज्य सरकार से

Sk

निःशुल्क भूमि मुहैया कराने और इस परियोजना की 50% लागत वहन करने का अनुरोध किया गया है। ओडिशा सरकार से प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग) और (घ): इस समय, कोरापुट एक-एक जोड़ी गाड़ियों से रायपुर और भुवनेश्वर दोनों से जुड़ा हुआ है। परिचालनिक कठिनाइयों और संसाधनों की तंगी के कारण इन खंडों के बीच नई गाड़ी सेवाएं चलाने का, फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।

******

Sk